भारत सरकार, रेल मंत्रालय

रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन 01/2018 (सहायक लोको पायलट और तकनीशियन)

द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी)

प्रथम चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा की परिणाम प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मेरिट और पद वरीयता के आधार पर प्रत्येक रेलवे भर्ती बोर्ड के लिए द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के लिए चुने गए उम्मीदवारों की सूची, उम्मीदवारों के वास्तविक अंक और सामान्यीकृत स्कोर के साथ 5 नवंबर, 2018 को या उससे पहले प्रकाशित होने की संभावना है।

उम्मीदवारों को यह नोट करने की सलाह दी जाती है कि द्वितीय चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) 19 नवंबर, 2018 से शुरू होने की संभावना है।

विभिन्न परीक्षा ट्रेडों के लिए पाठ्यक्रम एक लिंक के माध्यम से रेलवे भर्ती बोर्डों की आधिकारिक वेबसाइटों पर प्रकाशित किया गया है। उम्मीदवार सुसंगत ट्रेड नाम पर क्लिक करके अपना परीक्षा ट्रेड पाठ्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम अपडेट के लिए नियमित रूप से रेलवे भर्ती बोर्डों की आधिकारिक वेबसाइटों को देखें।

अध्यक्ष

दिनांक : 30.10.2018

रेलवे भर्ती बोर्ड